दैनिक भास्कर
मुजफ्फरपुर 21-02-2025

आदेश • दिव्यांग कोटि में चयनित शिक्षकों के सर्टिफिकेट की भी जांच

असिस्टेंट प्रोफेसरों के अनुभव प्रमाण पत्रों की होगी जांच, 3 सदस्यीय कमेटी गठित

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसरों के अनुभव और दिव्यांगता से संबंधित सर्टिफिकेट की जांच होगी। इसके लिए विवि की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी जल्द ही सभी शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच कर विवि को रिपोर्ट देगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कई विश्वविद्यालयों में अनुभव और दिव्यांग सर्टिफिकेट फर्जी पाए जाने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को 20 जनवरी को पत्र भेजकर सर्टिफिकेट की जांच कराने के लिए कहा था। राज्य के विश्वविद्यालयों में बीएसयूएससी से कई विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की बहाली हुई, जिसमें फर्जीवाड़ा के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिन्होंने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाए हैं। फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट पर भी नियुक्ति हुई है। एक कॉलेज में नियुक्त मूक-बधिर कोटे की शिक्षिका का पिछले दिनों क्लास रूम में बोलकर पढ़ाते हुए वीडियो भी वायरल हुआ है। आयोग की अनुशंसा के बाद काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के सभी डॉक्यूमेंट्स की सही तरीके से जांच कर नियुक्ति करनी है। लेकिन, काउंसिलिंग के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी गई। कहा जा रहा है कि सही तरीके से जांच हो तो बिहार विवि में भी कई शिक्षकों के सर्टिफिकेट फर्जी मिलेंगे।

बिना मान्यता वाले विषय के ही अनुभव प्रमाण पत्र दे दिए

उधर, संबद्ध कॉलेजों ने भी रेवड़ी की तरह अनुभव प्रमाण पत्र बांटे हैं। कुछ विषयों में एक ही साथ 6 शिक्षकों की नियुक्ति दिखा दी तो कुछ कॉलेज ऐसे भी हैं जो बिना मान्यता वाले विषय के ही अनुभव प्रमाण पत्र दे दिए हैं। दिसंबर में विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई थी कि कितने शिक्षकों को अनुभव प्रमाण पत्र दिया गया है। उसकी नियुक्ति प्रक्रिया, कार्य अवधि और वेतन भुगतान सहित अन्य रिकॉर्ड भी मांगे गए थे, लेकिन कॉलेजों ने केवल सूची भेज दी है। अब कमेटी सभी रिकॉर्ड की जांच करके रिपोर्ट तैयार करेगी। कुलसचिव प्रो. संजय कुमार ने बताया कि जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

CamScanner